# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

**STATION ROAD, CHARBAGH. LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**

## DEPARTMENT OF BOTANY

**MR. LALLAN PRASAD**
**HEAD**
**EMAIL:** lallanbsnv@gmail.com
**MOB. NO.:**9415888804
**DATE:** 14/02/2023

# रिपोर्ट

आज दिनांक 14 फरवरी 2023 को बीएसएनवी पीजी कॉलेज, लखनऊ के वनस्पति विज्ञान विभाग के श्रीमती रश्मि गुप्ता तथा श्री लल्लन प्रसाद द्वारा बीएससी की विभिन्न कक्षाओं के छात्र एवं छात्राओं को G20 ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट में आयोजित प्रदर्शनी का भ्रमण कराया गया जिसमें मुख्यता कृषि से संबंधित स्टॉल्स पर जानकारी प्राप्त की गई। प्रदर्शनी में हाइड्रोपोनिक्स द्वारा किचन गार्डन को तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया गया। वहां बताया गया कि हाइड्रोपोनिक्स में मिट्टी की अनुपस्थिति में पानी में विभिन्न प्रकार के न्यूट्रिशन मिलाकर पौधे तैयार किए जाते हैं ।इस प्रक्रिया में स्वच्छ जल का उपयोग होता है ,जिससे हेवी मेटल तथा प्रदूषण तत्व पौधों तक नहीं पहुंच पाते हैं। इस विधि से उगाए गए पौधे शीघ्र वृद्धि करते हैं तथा अधिक पैदावार देते हैं ।इन पौधों की देखभाल ऑनलाइन माध्यम से बहुत सरलता से उपलब्ध हो जाती है। एग्रीप्लास्ट प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन के श्री प्रशांत सिंह ने हाइड्रोपोनिक्स द्वारा उगाए गए सलाद पौधे की दो प्रजातियां महाविद्यालय को भेंट की ।

प्रदर्शनी में मशरूम कल्टीवेशन का स्ट्रॉल लगा था जिसमें विभिन्न प्रकार के मशरूम जैसे  बटन मशरूम, मिल्की मशरूम, ओयस्टर मशरूम को  उगाने , देखभाल और उचित वातावरण के विषय में बताया गया जिससे मशरूम की अधिक से अधिक पैदावार हो सके ।प्रदर्शनी में मशरूम के बहुत से उत्पाद जैसे प्रोटीन पाउडर, विभिन्न प्रकार की नमकीन ,सेव ,चिप्स ,चना जोर गरम इत्यादि प्रदर्शित थे, जिनको देखकर छात्र एवं छात्राओं को बहुत आश्चर्य हुआ तथा उन्होंने बहुत ही उत्साह के साथ प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया।

इसके अतिरिक्त कोऑपरेटिव रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट, प्रयागराज का भी स्टॉल था ,जिसमें ऑर्गेनिक फार्मिंग तथा बायो कंपोजर के उपयोग का प्रदर्शन था।

छात्र एवं छात्राओं ने डिफेंस, उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग, पुलिस विभाग ,आदि विभिन्न स्टालों में अभिरुचि लिया।



# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

**STATION ROAD, CHARBAGH. LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**

## DEPARTMENT OF BOTANY






# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

**STATION ROAD, CHARBAGH. LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**

## DEPARTMENT OF BOTANY






(HEAD)
DEPARTMENT OF BOTANY